## ...धिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे ... के सम्बन्ध में दिनांक 10.05.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय हरदोई की अध्यक्षता में दिनांक 10.05.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में ... जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य ... अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, ... परियोजना प्रबन्धक, कलस्टर हेड एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर टी0पी0आई0 ... प्रा0 लि0, इम्पलीमेन्ट सपोर्ट एजेन्सी के टीम लीडर तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 (... परियोजना प्रबन्धन इकाई) उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नवत ... दिये गये-

1. जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल कनेक्शन का कार्य करने वाली कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के कार्य जैसे डिस्ट्रीब्यूशन लाइन, ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओ.पी. यूनिट ओवरहेड टैंक तथा FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के द्वितीय फेज के कार्यों की समीक्षा की गयी। प्रगति संतोषजनक ना पाए जाने के कारण एन.सी.सी. के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि मैन पावर बढ़ाते हुये सभी कार्यों में 7 दिन के अंदर अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)

2. FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के कार्यों की सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा एनसीसी के क्लस्टर इंचार्जवार समीक्षा की गई। प्रगति अपेक्षित ना पाए जाने के कारण सभी को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के कार्य 25%से 50% तक हुए, वहां पर एक सप्ताह मे 50% से अधिक व जिन योजनाओ मे FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के कार्य 50% से 89% हुए हैं, वहां पर एक सप्ताह मे 90% से अधिक तथा जिन योजनाओ में FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के कार्य 90% हुए है वहां पर एक सप्ताह में 100% करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)

3. समस्त अवर अभियंताओं की FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने का मुख्य कारण एन.सी.सी. द्वारा अपेक्षित मैन पावर न उपलब्ध करा पाना है। फलस्वरूप परियोजना प्रबंधक एनसीसी को निर्देशित किया गया अवर अभियंता की मांग पर आवश्यकतानुसार मैन पावर बढ़ाते हुये कार्यो को द्रुतगति से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)

...बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया के तृतीय फेज ...योजनाओं में भी FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के कार्यों को प्रारंभ कराया जा ... है। परियोजना प्रबंधक एन.सी.सी. को निर्देशित किया गया मैन पावर बढ़ाते हुए दिनांक ...5.2023 तक तृतीय फेज के कुल 20,000 FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन)(द्वितीय ...के अतिरिक्त) तत्पश्चात माह जून 2023 से प्रतिमाह 30,000 FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड ...कनेक्शन) का कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया गया कि ...फेज के अवशेष 25000 कनेक्शन भी 31.05.2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)

...समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अवर अभियंता तथा एनसीसी के क्लस्टर इंचार्ज को निर्देशित किया ... कि प्रतिदिन प्रति विकास खण्ड कम से कम 100 FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप ...कनेक्शन) के कार्य किया जाना सुनिश्चित करे। अवर अभियंता अपने स्तर से एन.सी.सी. को मैन ...पावर बढ़ाने हेतु नोटिस जारी करें। अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया ... कि समेकित प्रयास कर राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन कार्यों ... पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, समस्त सहायक अभियंता व समस्त क्लस्टर इंचार्ज एनसीसी हरदोई)

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

## कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

दिनांक: 1535 / मा-70 / 337 दिनांक 22/5/23

...प्रतिलिपि: निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
5. समस्त इम्प्लीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।